भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न सं. +4176**
सोमवार, 22 मार्च, 2021/1 चैत्र, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**तेलंगाना में पूजा स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना**

**+4176. श्री बी.बी. पाटील:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान राज्यों विशेषकर तेलंगाना में कितने पूजा स्थलों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया गया है;

(ख) गत दो वर्षों के दौरान आवंटित धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) राज्यों विशेषकर तेलंगाना में चालू वर्ष के दौरान किन पूजा स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है?

**उत्तर**

**पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) से (ग): धार्मिक/आध्यात्मिक/तीर्थयात्रा स्थलों का विकास और रखरखाव संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों की जिम्मेदारी है । तथापि पर्यटन मंत्रालय तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) और "देश में थीम आधारित पर्यटक परिपथ का एकीकृत विकास, स्वदेश दर्शन (एसडी)" नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से इन योजनाओं के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना के विकास तथा ऐसे गंतव्यों के सौंदर्यीकरण हेतु उपयुक्त प्रस्ताव तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्राप्त होने पर निधियों की उपलब्धता, पहले जारी की गई निधियों की उपयोगिता, उक्त राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को मंत्रालय द्वारा पहले स्वीकृत की गई परियोजनाओं की समाप्ति की शर्त पर केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर पिछले 3 वर्षों के दौरान पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रशाद तथा स्वदेश दर्शन योजनाओं के अंतर्गत तेलंगाना राज्य सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण तथा जारी की गई राशि अनुबंध में दी गई है।

यह सूचित किया जाता है कि पर्यटन मंत्रालय की इन योजनाओं के अंतर्गत विकास तथा अनुमोदन हेतु नए गंतव्यों की पहचान एक सतत प्रक्रिया है जो ऊपर उल्लेखित शर्तों के अधीन होती है।

*****

**अनुबंध**

तेलंगाना में पूजा स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में दिनांक 22.03.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +4176 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**क. पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | परियोजना का लगात (करोड़ रु. में) | निर्मुक्त राशि (करोड़ रु.) |
|---|---|---|---|---|
| | **वर्ष 2017-18** | | | |
| 1 | मध्य प्रदेश | ओंकारेश्वर का विकास | 44.83 | 35.87 |
| 2 | उत्तर प्रदेश | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 10.72 | 8.57 |
| 3 | महाराष्ट्र | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 37.81 | 8.49 |
| 4 | उत्तर प्रदेश | प्रशाद योजना-II के तहत वाराणसी का विकास | 44.60 | 31.77 |
| 5 | आंध्र प्रदेश | प्रशाद योजना के तहत आंध्र प्रदेश में श्रीशैलम मंदिर का विकास | 47.45 | 37.96 |
| | **वर्ष 2018-19** | | | |
| 6 | उत्तराखण्ड | बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे का विकास | 39.24 | 20.79 |
| 7 | गुजरात | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 47.12 | 44.76 |
| 8 | उत्तर प्रदेश | गोवर्धन, मथुरा का विकास | 39.74 | 21.87 |
| 9 | झारखण्ड | बैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास | 39.13 | 20.58 |
| 10 | नागालैंड | नागालैंड में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 25.26 | 13.49 |
| | **वर्ष 2019-20** | | | |
| 11 | हरियाणा | पंचकुला जिले में नाडासाहेब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर का विकास | 49.52 | 13.89 |
| | **वर्ष 2020-21** | | | |
| 12 | मेघालय | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 29.32 | 6.53 |
| 13 | छत्तीसगढ़ | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगाँव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 43.33 | 7.48 |
| 14 | अरुणाचल प्रदेश | परशुराम कुंड, लोहित का विकास | 37.88 | 05.01.21 को केवल प्रशासनिक स्वीकृति |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 15 | मध्य प्रदेश | अमरकंटक, मध्य प्रदेश का विकास | 49.99 | 08.01.21 को केवल प्रशासनिक स्वीकृति |
| 16 | सिक्किम | फोर पैट्रन संत, युकसोम, सिक्किम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 33.32 | **11.01.21** को केवल प्रशासनिक स्वीकृति |
| **17** | **तेलंगाना** | **जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर, तेलंगाना का विकास** | **36.73** | **11.01.21** को केवल प्रशासनिक स्वीकृति |
| 18 | त्रिपुरा | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, उदयपुर, त्रिपुरा का विकास | 37.84 | 08.01.21 को केवल प्रशासनिक स्वीकृति |

**ख. पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आध्यात्मिक/तीर्थयात्रा/धार्मिक थीमों पर स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | परिपथ का नाम और वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत करोड़ रु. में | निर्मुक्त राशि करोड़ रु. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ (2017-18) | बौद्ध परिपथ का विकास : स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ थीम के तहत आंध्र प्रदेश में शालीहुंडम - थोटलाकोंडा - बावीकोंडा - बोज्जनाकोंडा - अमरावती - अनुपु का विकास | 52.34 | 26.17 |
| 2 | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ (2017-18) | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 47.52 | 38.02 |
| 3. | गुजरात | बौद्ध परिपथ (2017-18) | जूनागढ़ - गिर सोमनानाथ - भड़ूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाना का विकास | 28.67 | 19.21 |
| 4 | केरल | आध्यात्मिक परिपथ (2018-19) | सिवागिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुनुमपारा श्री सुब्रामणिया - चेंबाझांती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 69.47 | 1.61 |
| 5 | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ (2018-19) | वाकी - अडासा - धापेवाडा - परदसिंघा - छोटा ताज बाग - तेलंखंडी - गिरड का विकास | 54.01 | 16.67 |
| 6. | पुडुच्चेरी | आध्यात्मिक परिपथ (2017-18) | करैकल, यनम एवं पुद्दुचेरी का विकास | 40.68 | 30.94 |
| 7 | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | अयोध्या का विकास | 127.21 | 106.64 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | (2017-18) | | | |
| 8 | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ (2018-19) | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 | 6.33 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ (2018-19) | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपत्तन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 15.76 | 9.46 |

*******